प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नदी–नाले उफान पर हैं और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही है। भारी वर्षा में बच्चों की सुरक्षा के मददेनजर आज 9 जिलों शिमला, कांगड़ा, चंबा, ऊना, मंडी, कुल्लू, सोलन, बिलासपुर और हमीरपुर में सभी शिक्षण संस्थानों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। जबकि लाहौल स्पीति जिला के लाहौल व उदयपुर उपमंडल में भी सभी शिक्षण संस्थानों में आज अवकाश रहेगा। कुल्लू में लगातार हो रही बारिश के चलते ब्यास नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बिंदु ढांक के पास सड़क के टूट जाने से यातायात के लिए अवरूद्ध है। प्रदेश में 2 राष्ट्रीय उच्चमार्गों सहित 7 सौ 93 सड़कें यातायात के लिए ठप हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 9 सौ 56 ट्रांसफार्मर और 5 सौ 17 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के अनुसार आज भी कई जिलों में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों सहित नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है और वर्ष 2027 तक प्रदेश प्राकृतिक खेती के मामले में देश भर में अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। विधानसभा में नियम–130 के तहत विधायक जी आर कटवाल द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि में कटौती से भी गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने सभी विधायकों से अपने–अपने क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के लिए फार्म भरवाने का आग्रह भी किया।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही आज 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता....

*शिमला से योगराज शर्मा।*

विक्रमादित्य

केंद्र सरकार ने शिमला जिले में ढली से रामपुर उपमंडल के सैंज तक फोरलेन निर्माण को मंजूरी दे दी है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि वार्षिक योजना प्रस्ताव स्वीकृत होने से इस क्षेत्र की जनता को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जलोड़ी टनल परियोजना के लिए भी केंद्र ने 1 हजार 4 सौ 52 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत कर दिया है।

श्रीकांत

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्त्ता जहां एक ओर पूर्व भाजपा सरकारों की उपलब्धियां जन–जन तक पहुंचाएगा वहीं प्रदेश सरकार की नाकामियों को भी उजागर किया जाएगा। ऊना में पार्टी की राज्य स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलाने के संकल्प के साथ भाजपा आगे बढ़ेगी। उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्र विरोधी ताकतों का साथ देने का आरोप भी लगाया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है भ्रष्टाचार का संदेह है तो ईडी को सौंपे सबूत और दर्ज करवाएं एफ आई आर। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं मणिमहेश यात्रा को मिल सकती है प्रसाद योजना में जगह।

मौसम की खबर को अमर उजाला ने शीर्षक दिया है भारी बारिश–मणिमहेश गए 4 श्रद्धालुओं समेत पांच की मौत, यात्रा स्थगित, चंबा–कांगड़ा में आज रेड

———————